प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक: 20.06.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज किसान सम्मान निधि की 23वीं क़िस्त जारी करेंगे–देश के 9 करोड़ 44 लाख किसान लाभान्वित होंगे।

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज जयपुर में प्रदेश के बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ संवाद करेंगे।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कारोबारियों को डिजिटल बाजार से जोडने के लिए डिजिदुकान एप का शुभारम्भ किया।

- सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह राठौड़ को आरपीएससी का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत देश के नौ करोड 44 लाख किसानों के बैंक खातों में 18 हजार आठ सौ 80 करोड रुपए से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की जायेगी। वे इस अवसर पर विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। प्रदेश में विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पाली के सुमेरपुर में होने वाले राज्य स्तरीय पीएम किसान उत्सव में शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को हर साल दो–दो हजार रूपये की तीन किस्तों के जरिये 6 हजार रूपये सालाना की आर्थिक सहायता दी जाती हैं।

0000

भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार आज जयपुर में प्रदेश के लगभग 700 बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजरों के साथ सीधा संवाद करेंगे। ये कार्यक्रम सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आयोजित किया जायेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बीएलओ के जमीनी अनुभवों, चुनौतियों और सुझावों को गहराई से समझना है। इस दौरान मतदाता सूची अपडेशन और निर्वाचन जागरूकता में उनकी भूमिका पर चर्चा की जायेगी। गौरतलब है कि राजस्थान ने एसआईआर के दौरान 98 प्रतिशत तक शानदार मैपिंग कर देशभर में पहला स्थान हासिल किया है।

0000

राज्य सरकार ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 178 राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादले किए हैं। कार्मिक विभाग ने देर रात इस संबंध में आदेश जारी किए। इस सूची में कई जिलों के अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी और विभिन्न विभागों के सचिव स्तर के अधिकारी शामिल हैं। प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए इन तबादलों में सभी अधिकारियों को बिना कार्यग्रहण काल का उपयोग किए, तुरंत प्रभाव से अपने नए पदों का कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

00000

उत्तर पश्चिम रेलवे ने कल आयोजित होने वाली री–नीट परीक्षा को देखते हुए 7 परीक्षा स्पेशल रेल गाडियां चलाने का निर्णय लिया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने आकाशवाणी को बताया कि विद्यार्थियों की सुगम आवाजाही के लिए रेवाड़ी–बठिंडा, बाड़मेर–भगत की कोठी, रेवाड़ी–जयपुर, जोधपुर–सांगानेर और बीकानेर–ढेहर का बालाजी (जयपुर) के बीच स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में चलेंगी। इसके अलावा, भगत की कोठी से जयपुर और मदार से रेवाड़ी के लिए एकतरफा परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का भी संचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सभी रेलगाडियों का विभिन्न छोटे बडे स्टेशनों पर ठहराव किया जायेगा।

....

0000

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में दवाओं की खरीद और उनकी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार की ओर से एक विशेष कमेटी का गठन किया जायगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जयपुर में हुई राज उन्नति की बैठक में अधिकारियों को इसके निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पानी, बिजली, चिकित्सा और सड़क जैसी जनसुविधाओं से जुड़े किसी भी काम में प्रशासनिक शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। आगामी मानसून के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने सभी जिला कलक्टर्स को नालों की सफाई, सड़कों के पैचवर्क और मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा है।

0000

प्रदेश के व्यापारियों को एक बड़े डिजिटल बाजार से जोडने के लिए ओएनडीसी–व्छक्ब डिजि दुकान एप शुरू की गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित जयपुर व्यापार महासंघ के कार्यक्रम में इस एप का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि ये नई डिजि दुकान पहल छोटे दुकानदारों, किराना व्यापारियो और उद्यमियों को डिजिटल वाणिज्य से जोडने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यापारी विभिन्न ब्रांड्स वितरको और थोक विक्रेताओं से जुडकर अपनी खरीद और आपूर्ति प्रक्रिया को अधिक सरल पारदर्शी और प्रभावी बना सकेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान सदियों से व्यापार और उद्यम की भूमि रहा है। आज देश–दुनिया के हर कोने में राजस्थान के व्यापारी अपनी पहचान बना रहे है।

0000

12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल प्रदेशभर में मनाया जायेगा। इसके लिए सुबह 6 बजे से राज्य के सभी जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तरों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी अजमेर में और डॉ. प्रेमचन्द बैरवा भीलवाड़ा में योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके अलावा सभी कैबिनेट और राज्यमंत्री अपने–अपने प्रभार वाले जिलों में आमजन के साथ योगाभ्यास करेंगे। आयोजन की इसी कड़ी में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से जयपुर स्थित जंतर मंतर पर कार्यक्रम होगा। इसमें 18 देशों के विद्यार्थी भाग लेंगे। संस्थान के वाइस चांसलर प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि संस्थान द्वारा योगा डे 100 दिवसीय काउन्टडाउन के तहत देशभर में 30 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके माध्यम से सेना, पुलिस और विभिन्न संस्थानों में योग और तनाव प्रबंधन का प्रचार–प्रसार किया गया।

0000

सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह राठौड़ को राजस्थान लोक सेवा आयोग का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। कार्मिक विभाग ने इसके आदेश जारी किये। श्री राठौड को यह दायित्व वर्तमान अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू की सेवानिवृत्ति के बाद दिया गया है। नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक वे इस पद का कार्यभार संभालेंगे। इसके साथ ही, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आयोग में दो नए सदस्यों की भी नियुक्ति की है। इनमें भीलवाड़ा के एमएलवी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संतोष आनंद और अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ –उच्च शिक्षा के प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. दीपक कुमार शर्मा शामिल हैं। इन दोनों नए सदस्यों का कार्यकाल उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से 6 वर्ष की अवधि या 62 वर्ष की आयु पूरी होने तक निर्धारित किया गया है।

0000